ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा

पत्रांक: C/R/25052/23 दिनांक 23/12/2023

सेवा में,

निदेशक,
दूरस्थ शिक्षा निदेशालय,
ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।

विषय : छात्र/छात्राओं के परीक्षा से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु निदेशालय को क्रिसमस अवकाश की अवधि में खुला रखने के संदर्भ में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक संदर्भ में निदेशानुसार कहना है कि निदेशक, उच्च शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार के पत्रांक 15/एम 1– 147/2021 – 4484 दिनांक 07.12.2023 के अनुपालन में कन्या उत्थान से संबंधित डाटा अपलोड करने की अंतिम तिथि 31.12.2023 है। अतः निदेशालय को दिनांक 24.12.2023 से 31.12.2023 की अवधि में खुला रखे ताकि मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना एवं अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओं से संबंधित छात्र/छात्राओं के प्रमाण–पत्र, अंक–पत्र, त्रुटि सुधार आदि समस्याओं से संबंधित आवेदनों को निपटाया जा सके।

चूँकि दिनांक 24.12.2023 से 31.12.2023 तक क्रिसमस के लिये अवकाश घोषित है जिसके कारण अवकाश अवधि में कार्य करने वाले सभी कर्मियों को नियमानुसार क्षतिपूर्ति अवकाश देय होगा।

माननीय कुलपति महोदय के आदेश से
ह0/
(डॉ0 अजय कुमार पंडित)
कुलसचिव

ज्ञापांक C/R/25053-54/23 दिनांक 23/12/2023

प्रतिलिपि प्रेषित :–

1. कुलपति महोदय के निजी सचिव/कुलसचिव महोदय के निजी सहायक, ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को सूचनार्थ।

23-12-2023
कुलसचिव

23/12/2023